तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **अमरेश** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 35338272617973	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27/03/26	अपीलार्थी अमरेश निवासी पिपलेश्वर महादेव मंदिर के पास, खाण्डा फलसा, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 07.02.2026 शहर विधानसभा क्षेत्र वार्ड संख्या 28 में लोक कल्याण एवं विकास कार्यो के संबंध में विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 10.03.2026 द्वारा अवगत करवाया है की अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना नगर निगम (उत्तर/दक्षिण) जोधपुर से संबंधित होने के कारण कार्यालय पत्र दिनांक 10.02.2026 के द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत अंतरित कर प्रार्थी को सूचित कर दिया गया है। कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं होने से उक्त अपील खारिज करने हेतु निवेदन किया गया है। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.03.27 17:47:20 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 21297329